>

Title: Need to provide adequate *Guar* (cluster bean) seeds at concessional rates to farmers in Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : राजस्थान में ग्वार की शुष्क खेती वृहद स्तर पर होती है। लेकिन पिछले काफी समय से ग्वार का बाजार मूल्य 30,000/- रू. प्रति क्विंटल से ऊपर चला गया है और ग्वार बाजार से गायब है तथा अब शीघ्र ही मानसून के बाद बड़े पैमाने पर किसान ग्वार बोना शुरू करेंगे जिसके बीज के लिए किसानों को बहुत बड़ी कीमत देकर बीज खरीदना पड़ेगा जोकि एक गरीब किसान की क्षमता के बाहर है। अस्तु मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह ग्वार की बीज की कीमतों में भारी छूट देकर इस नकद फसल की उचित पैदावार सुनिश्चित कर किसान को बचाने का काम करे।